हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

गौरव पथ निर्माण में देरी से नाराज युवा आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



# बगीचा में हाथी के कुचलने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ हाथियों से जनहानि रोक पाने में वन मंडल जशपुर विफल

छत्तीसगढ़ के जशपुर वन मंडल में वन विभाग की निष्क्रियता के कारण हाथी और मानवव्दंद पर विराम नहीं लग पा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस आदिवासी बहुल जिले में हाथियों से जनहानि रोकने के लिए जागरुकता अभियान की विशेष योजना शुरू की है।वन विभाग की ग्रामीणों को जागरूक करने वाली गजरथ योजना केवल कुनकुरी क्षेत्र में सिमट कर रह जाने रविवार को बगीचा क्षेत्र में हाथियों के कुचल देने एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई।

वन विभाग के सूत्रों के अनुसार बगीचा वनपरिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरमहाकोना के कदमबथान गांव में रविवार को शाम एक किसान को हाथी के कुचलने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना के आज बाद वन अमला मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गया है। मृतक किसान के परिजनों ने बताया कि गुरमहाकोना निवासी रमेश यादव कल दोपहर अपने खेत मे काम करने गया था। देर शाम तक जब घर नही लौटा तो घर वाले मृतक को ढूढने निकले तब उनको मृतक का शव देखकर घटना की जानकारी मिली।

यंहा ग्रामीणों ने बताया कि खेत मे काम करने के दौरान किसान का सामना हाथी से हो गया। और हाथी ने किसान को अपने सूंड से उठाकर पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया जिससे किसान की दर्दनाक मौत हो गई। बगीचा वनपरिक्षेत्र के सुतरी, कालिया, कुटमा, बगीचा और गुरमहाकोना में पिछले एक सप्ताह से 27 हाथियों का दल विचरण कर रहा है इसके बावजुद वन विभाग हाथी के दल को जंगल की ओर खदेड़ने में नाकाम रहे हैं। हाथियों की गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों को पूर्व सूचना नहीं मिल पाने से ही आज एक किसान की मौत हो गई।

रविवार को बगीचा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 में 9 किसानों के खेत मे लगे धान को रौंदकर बर्बाद कर दिया था। किसान की मौत के बाद वन विभाग के प्रति ग्रामीणों का आक्रोश देखा जा रहा है।



हाथी के कुचलने से मृत ग्रामीण।

### ग्रामीणों ने किया सड़क जाम
# दर्दनाक सड़क हादसे में जीजा-साले की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

एनएच-43 पर स्थित केराकछार गांव में शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जीजा-साले की जान चली गई। दोनों युवक फुलेता चौक से चिकन लेकर अपने घर लौट रहे थे। एक तेज़ रफ्तार कैप्सूल ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में केराकछार निवासी जागेश्वर पायलट (25 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बटुराकछार निवासी पवन मांझी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। रविवार सुबह गुस्साए ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर एनएच-43 पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर परिजनों को 20 हजार रूपए की तत्काल सहायता राशि देकर ग्रामीणों को समझाइश दी।इसके करीब एक घंटे बाद जाम हटाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के चलते अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से स्पीड नियंत्रण के ठोस उपायों की मांग की।



हादसे के बाद सड़क जाम करते ग्रामीण।

## कछार के शिवशक्ति मन्दिर में रुद्राभिषेक



**पत्थलगांव।** कछार शिवशक्ति मन्दिर में कई जोड़ों ने भोले बाबा का रुद्राभिषेक किया। सामुहिक रुद्राभिषेक को लेकर मन्दिर प्रांगण में खासा उत्साह देखने को मिला। कछार शिवशक्ति मन्दिर समिति के खितिज खूंटियां ने बताया कि श्रावण सोमवार के आखरी सोमवार को रुद्राभिषेक किया गया जिसमें अनेक जोड़े एकसाथ बैठकर भगवान भोलेनाथ की पूजा में शामिल रहे। शिव बाबा के भक्त ऋषि बेहरा ने बताया कि रुद्राभिषेक करने से मन मे शान्ति आती है रुके हुए कार्य जल्द पूरे होते है। रुद्राभिषेक पूजा विधिविधान से टुनटुन महराज ने पूरे किया। उन्होंने कहा कि श्रावण माह में किया गया रुद्राभिषेक अत्यधिक फलदायी होता है।

## कावड़ियों के लिए लुदानिया परिवार ने लगाया भंडारा



**पत्थलगांव।** लुदानिया परिवार अनेक सालों से सावन के अंतिम सोमवार को कांवड़िए भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन करता आ रहा है इसी कड़ी में सोमवार को अंबिकापुर रोड मंदिर प्रांगण के बगल में लुदानिया परिवार ने भंडारे का आयोजन किया। भंडारे में कावड़िया भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया लुदानिया परिवार के राजे अग्रवाल ने बताया कि हमारे परिवार द्वारा हर साल बाबा के भक्त कावड़ियों को सेवा के तौर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सैकड़ो की संख्या में कांवड़िए प्रसाद ग्रहण करते हैं। पत्थलगांव के समीप किलकिलेश्वर धाम में बाबा के भक्त हजारों की संख्या में जलाभिषेक करते हैं जिसकी छटा देखते ही बनती है।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति के हाथों पीएम आवास के सुमन होंगी सम्मानित

**जशपुरनगर।** भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों 15 अगस्त को बगीचा नगर पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित हितग्राही श्रीमती सुमन तिर्की सम्मानित होगें। हितग्राही सुमन द्वारा अपने आवास को पूर्ण किया गया है। उनका नाम सम्मान हेतु चयन हुआ है। इसके लिए राष्ट्रपति भवन से सोमवार को उनको निमंत्रण-पत्र मिला है। राष्ट्रपति भवन के निमंत्रण-पत्र को नगर पंचायत बगीचा की ओर से श्रीमती तिर्की को ससम्मान दिया है और उन्हें बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभात सिडाम, मुकेश शर्मा, पवन सिंह, पार्षद राजकिशोर जायसवाल, पार्षद आशा कुजूर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी क्षितिज कुमार सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के कर्मचारी सुबोध जायसवाल और अजय सिंह उपस्थित थे।

### यादव बने छग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष



**जशपुरनगर।** जिले के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे जोगेंद्र प्रसाद यादव को छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका मनोनयन संघ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित तिवारी के द्वारा की गई है। जोगेंद्र यादव लंबे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्टेनो के पद पर हैं। उनकी निष्पक्ष कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और दायित्वों के प्रति समर्पण को देखते हुए संघ ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। संघ की उम्मीद है कि श्री यादव के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कर्मचारियों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण होगा। अपनी नियुक्ति पर श्री यादव ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे सदैव कर्मचारियों के हित में कार्य करते रहेंगे और संगठन की गरिमा को बनाए रखने हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम कुरूमकेला निवासी स्व.केदार गुप्ता का नहर के पानी में डुबने से 23 अगस्त 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी सरस्वती गुप्ता हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### सड़क दुर्घटना के मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** एसडीएम ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत मनोरा तहसील के ग्राम चड़िया निवासी स्व.जगदेव राम की सड़क दुर्घटना में 11 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो जाने से मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी श्रीमती प्रमिला बाई हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## सोशल मीडिया पर अश्लील वीडियो अपलोड, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ पुलिस ने रायपुर से आरोपी को धरदबोचा, भेजा जेल

जिले की पत्थलगांव पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे घृणित अपराध में संलिप्त एक आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हेमंत वर्मा पिता स्व. अमरनाथ वर्मा, उम्र 30 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कचना, थाना खम्हार डीह, रायपुर के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार हेमंत वर्मा पर आरोप है कि वह महिलाओं और बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो व फोटो को सोशल मीडिया साइट फेसबुक पर अपलोड करता था। इस गंभीर साइबर अपराध को लेकर वर्ष 2024 में पुलिस मुख्यालय रायपुर से एक गोपनीय टीपलाइन जशपुर पुलिस अधीक्षक को भेजी गई थी। इस सूचना में स्पष्ट रूप से बताया गया था कि पत्थलगांव क्षेत्र के तहत आने वाले मामले में एक व्यक्ति द्वारा फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक और पोर्नोग्राफिक कंटेंट अपलोड किया जा रहा है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### साइबर सेल ने की पुष्टि

इस गोपनीय सूचना को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल ने पड़ताल शुरू की और प्रारंभिक जांच के बाद पत्थलगांव थाना को प्रतिवेदन भेजा। जांच में आरोप पुष्ट होने पर आरोपी हेमंत वर्मा के खिलाफ थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 83/2024 दर्ज किया गया। इस मामले में आईटी एक्ट की धारा 67 व 67(ए) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

### पूछताछ में कुबूल किया अपराध

पुलिस पूछताछ में हेमंत वर्मा ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वर्ष 2022 में वह अश्लील वीडियो फेसबुक पर अपलोड करता था। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है, जिसे तकनीकी जांच के लिए भेजा जा रहा है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### लगातार फरार था आरोपी

मामला दर्ज होने के बाद आरोपी पत्थलगांव क्षेत्र से फरार हो गया था, जिसके बाद जशपुर पुलिस ने उसे ट्रेस करने के लिए टेक्निकल सेल और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया। निरंतर प्रयासों के बाद 3 अगस्त 2025 को यह जानकारी मिली कि आरोपी रायपुर के कचना इलाके में रह रहा है।इस सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में पत्थलगांव थाने की एक टीम रायपुर रवाना हुई और उसे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, थाना खम्हार डीह से हिरासत में लेकर वापस लाया गया।

## सरपंच व सचिव के खिलाफ जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत

**पत्थलगांव।** ग्राम पंचायत इला के सरपंच व सचिव द्वारा राशि गबन करने के मामले में ग्रामीणों की शिकायत की जांच पूरी हो गई है। जांच पूरी होने के बाद तीन सदस्यी जांच टीम ने अपना प्रतिवेदन सीईओ के पास प्रस्तुत कर दिया है। मार्च 2025 को ग्राम पंचायत इला के ग्रामीणों द्वारा पूर्व सरपंच कृष्णा नाग एवं सचिव नील कुसुम एक्का द्वारा बिना किसी निर्माण कार्य किये सरकारी रुपयों के आहरण करने की लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था,कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-2025 में चबुतरा निर्माण कार्य, पछरी निर्माण कार्य, सी.सी रोड निर्माण कार्य, एवं अन्य कार्य को फर्जी दर्शाकर राशि आहरण किया गया था,जबकि ग्राम पंचायत में किसी प्रकार का कार्य नहीं पाया गया। इन कार्यो को दर्शाकर राशि चबुतरा निर्माण कार्य-1 लाख रुपये, पचरी निर्माण कार्य-2 लाख 60, हजार रुपये सी.सी रोड निर्माण कार्य-1 लाख का सरपंच, एवं सचिव नील कुसुम एक्का के मिलीभगत कर रूपयों का आहरण कर लिया गया है। ग्रामीण बिरंचि, गणेश्वर प्रसाद, देवानन्द यादव व खेमराज सहित दर्जन भर लोगों ने पत्थलगांव जनपद पंचायत से की थी। जनपद पंचायत ने तीन सदस्यीय जांच टीम बनाकर ग्रामीणों से प्राप्त शिकायत की जांच कराई।

## महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सिटी कोतवाली क्षेत्र में महिला से छेड़छाड़ और जबरन जंगल ले जाने की कोशिश करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साहसी पीड़िता की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी की पहचान कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना 30 जुलाई की रात लगभग 10:30 बजे की है। 34 वर्षीय महिला अपने भाई के साथ पालतू कुत्ते को खोजने मोहल्ले में निकली थी। खोज के दौरान उन्हें एक युवक काले रंग की यामाहा मोटरसाइकिल पर बैठा मिला। महिला के भाई द्वारा कुत्ते के बारे में पूछने पर उस युवक ने जानकारी से इनकार किया और आगे निकल गया। थोड़ी ही देर बाद वह युवक लौटा और बताया कि आगे एक लड़का कुत्ते को रस्सी से बांधकर ले जा रहा था। युवक की बातों पर विश्वास कर पीड़िता का भाई मोटरसाइकिल पर बैठकर उसके साथ आगे चला गया। युवक ने एक सुनसान स्थान पर पहुंचकर महिला के भाई को वहीं कुत्ता खोजने भेज दिया और खुद महिला के पास लौटकर यह कहते हुए कि तुम्हारे भाई ने तुम्हें बुलाया है, महिला को मोटरसाइकिल में बैठा लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### काले रंग की बाइक बनी पहचान

घटना की रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई और तकनीकी टीम की सहायता से बाइक की पहचान की गई। जांच के दौरान पता चला कि काले रंग की यामाहा मोटरसाइकिल (क्रमांक जेएच 11 एए 2820) एक मुन्ना नामक युवक के पास थी।

### पीड़िता ने आरोपी को पहचाना

पुलिस ने आरोपी सिद्धार्थ नायक को उसके घर से हिरासत में लिया और कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष पीड़िता से पहचान कराई, जिसमें उसने आरोपी को स्पष्ट रूप से पहचान लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 127(3), 351(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### अपराधों पर जीरो टॉलरेंस

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि महिलाओं से जुड़े अपराधों के प्रति पुलिस अत्यंत संवेदनशील है। अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### चलती मोटरसाइकिल से कूदी महिला

जैसे ही आरोपी ने महिला को मोटरसाइकिल में बैठाकर पनचक्की जंगल की ओर ले जाना शुरू किया, महिला को संदेह हुआ और उसने अपने भाई के बारे में पूछा। इस पर युवक टालमटोल करने लगा और मोटरसाइकिल की रफ्तार तेज कर दी। इसी दौरान आरोपी ने पीछे हाथ डालकर महिला से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। भयभीत होकर महिला ने चलती मोटरसाइकिल से छलांग लगा दी और मदद के लिए चिल्लाई। इससे घबराकर आरोपी बाइक लेकर भाग निकला। चलती मोटरसाइकिल से कूदने के कारण महिला को सिर और हाथ में चोटें आईं। बाद में उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और जिला अस्पताल में इलाज कराया।

### प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की
# शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन ऑनलाइन जुड़े मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम के दर्शन का मिल रहा सौभाग्य

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय रायपुर से ऑनलाइन कुनकुरी विकास खंड के मयाली में विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास श्री शिव महापुराण कथा के अंतिम दिन शिव भक्तों को सम्बोधित किया। शिव भक्तों को मधेश्वर पहाड़ के पास सावन माह में 28 जुलाई से 4 अगस्त 25 तक कुल 7 दिवसीय कथा अयोध्या के प्रसिद्ध कथा वाचक श्री देवकीनंदन महाराज के द्वारा शिव महापुराण की कथा सुनाया गया।

मुख्यमंत्री ने शिव भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सावन माह में महामधेश्वर समिति द्वारा विधि विधान से बाबा भोलेनाथ की पूजा अर्चना की गई। इसके लिए उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ की आराधना करते हुए प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों पर भगवान भोलेनाथ की कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विभिन्न जगहों में भगवान भोलेनाथ अनेक रूपों में विराजमान हैं इनमें मयाली में मधेश्वर पहाड़ के रूप में कवर्धा में बाबा भोरमदेव के रूप में राजीम में फूलेशवर महादेव के रूप में गरियाबंद में भूतेश्वरनाथ भगवान के रूप में विराजमान है। इसी प्रकार जांजगीर चांपा के खरौद में लक्ष्मणेश्वर महादेव के रूप में भोलेनाथ विराजमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में माता रानी के पांच शक्तिपीठों के विकास कार्यों के लिए कॉरिडोर के माध्यम से योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ में माता रानी बमलेश्वरी के रूप में विराजमान है। रतनपुर में माता रानी महामाया मंदिर के रूप में जांजगीर-चांपा के चंद्रपुर में माता रानी चंद्रहासिनी के रूप में दंतेवाड़ा में माता रानी दंतेश्वरी के रूप में विराजमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं अयोध्या धाम में प्रभु श्री राम के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है। वर्तमान में 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन का सौभाग्य मिल गया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 19 जगह श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जाएगा।




मधेश्वर पहाड के समीप आयोजित शिव महापुराण कथा, इनसेट में सीएम।

## शाउ माध्यमिक शाला खरसोता में पौधरोपण एवं बाल संसद चुनाव

**जशपुरनगर।** विकासखंड मनोरा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खरसोता में प्राचार्य श्रीमती निर्मला भगत के मार्गदर्शन में बाल संसद चुनाव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए विद्यालय के व्याख्याता रोपना उरांव ने बताया कि हमारे विद्यालय में पर्यावरण सुरक्षा मातृभक्ति एवं पर्यावरण की भावना बच्चों में उत्पन्न करने के लिए जूनियर रेड क्रॉस प्रभारी संदीप कुमार भगत एवं युवा इको क्लब प्रभारी श्रीमती मीना बाई के मार्गदर्शन में वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम आयोजित कर पीपल एवं अन्य पौधों का वृक्षारोपण किया गया तथा बाल संसद (बाल कैबिनेट ) का गठन रामपति सायं पैंकरा और अजित मिश्रा व्याख्याता के मार्गदर्शन में किया गया। छात्रों के द्वारा उत्साह पूर्वक मतदान के माध्यम से शाला प्रतिनिधि चुने गये शाला नायक कुमारी विक्रानी बाई,उपशाला नायक गौरव निराला, अनुशासन मंत्री कुमारी रविना प्रधान, उप अनुशासन मंत्री कुमारी दीपिका राठिया,क्रीड़ा मंत्री पवन राम,उप क्रीड़ा मंत्री भूमिका भगत,स्वच्छता मंत्री आयुषी एक्का,उप स्वच्छता मंत्री अभिषेक कुमार, बागवानी मंत्री कुमारी किरण बाई,उप बागवानी मंत्री नितिका बाई चुने गये। सभी नव निर्वाचित बाल कैबिनेट के सदस्यों का छात्रों में ताली बजाकर स्वागत किया। विधालय के सभी स्टाफ के द्वारा चयनित बाल संसद पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देकर बधाई दी गई।



पौध रोपण करतीं छात्राएं।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण स्तरीय अंतर जिला सरगुजा कप फुटबॉल प्रतियोगिता 20 से



**सीतापुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को उभारने ग्राम धरमपुर में ग्रामीण स्तरीय अंतरजिला सरगुजा कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का आयोजन चर्च ग्राउंड पटेलपारा में गांव के युवाओं द्वारा समिति बनाकर किया जा रहा है। अंतरजिला स्तरीय इस प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 अगस्त एवं समापन 31 अगस्त को किया जाएगा। प्रतियोगिता में सरगुजा, जशपुर, रायगढ़ समेत अन्य पड़ोसी जिले की टीमें भाग लेंगी। इस प्रतियोगिता में पहला इनाम 30 हजार रुपए, दूसरा 20 हजार, तीसरा एवं चौथा इनाम 5-5 हजार रुपए रखा गया है। इसके अलावा पांचवे, छठवे, सातवे, एवं आठवे, इनाम के रूप में 2-2 हजार रूपए की राशि रखी गई है। प्रतियोगिता में बेस्ट स्ट्राइकर, बेस्ट कीपर, बेस्ट गोल ऑफ टूर्नामेंट समेत खिलाड़ी एवं दर्शकों के लिए समिति द्वारा अन्य आकर्षक इनाम भी रखे गए है। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक निर्धारित की गई है।

### सदस्यता अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए विधायक शकुंतला पोर्ते सम्मानित



**प्रतापपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान 2024–25 में समर्पित योगदान देने वाले नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सम्मान में उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुआ। इस समारोह में संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और अद्वितीय कार्य के लिए छत्तीसगढ़ भर से चयनित कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतापपुर विधानसभा विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते को सदस्यता अभियान में उल्लेखनीय कार्य के लिए उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव एवं संगठन के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया। विधायक श्रीमती पोर्ते ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठन निष्ठा का प्रतिफल है। हम सभी मिलकर भाजपा को प्रतापपुर में और अधिक मजबूत बनाएंगे।

### संभागीय अग्रवाल महासभा के सचिव बने पीतांबर



**सीतापुर।** सामाजिक कार्यकर्ता पीतांबर अग्रवाल उर्फ फिरु को संभागीय अग्रवाल समाज का सचिव बनाया गया है। उनकी नियुक्ति समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका को लेकर की गई है। संभागीय अध्यक्ष के द्वारा सचिव पद पर उनकी नियुक्ति से स्थानीय अग्रवाल समाज में हर्ष व्याप्त है।

### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** खेत गए ग्रामीण करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पर्री निवासी राधे श्याम राजवाड़े आ.बैगा राम (32 वर्ष) गत दिन शाम को खेत में पंप से सिंचाई कर तार को उतार कर घर आ गया था। आज सुबह विद्युत तार को किसी ने जोड़ दिया था। इधर जब राधे श्याम खेत पहुंचा तो पंप के तार को जैसे पकड़ा तो करंट की चपेट में आ गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कुंदी बांध डुबान क्षेत्र में करगीडीह का प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल

# बरसात के तीन माह स्कूल में जड़ा रहता है ताला जुगाड़ के इंदिरा आवास भवन में होता है संचालित



लबालब लुण्ड्रा क्षेत्र का कुंदी बांध।



बंद स्कूल, परिसर में की गई धान की खेती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और पढ़ाई कर अपने साथ परिवार के साथ सहित गांव व जिले का नाम रौशन करे इसे लेकर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों की पढ़ाई में रूचि बढ़े इसके लिए शासन-शासन द्वारा बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराती है। प्रशासन द्वारा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है।

**खास बात**

- स्वीकृति के बाद भी दूसरे जगह नहीं हो सका भवन निर्माण

लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगीडीह जहां प्राथमिक व माध्यमिक शाला स्कूल और भवन है लेकिन बरसात के तीन माह तक स्कूल में ताला जड़ा रहता है और स्कूल का संचालन जुगाड़ से संचालित होता है। स्कूल भवन में ताला जड़ने का कारण स्कूल भवन के जर्जर नहीं बल्कि बांध के डुबान क्षेत्र में होने से होता है। इस बीच बच्चों सहित शिक्षकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बच्चे किसी दूसरे भवन में अध्ययन करने को मजबूर है। विकासखंड लुंड्रा क्षेत्र के ग्राम पंचायत करगीडीह में भी अन्य पंचायत की तरह बच्चों की शिक्षा के लिए माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला के अलावा आंगनबाड़ी का संचालन स्वयं के भवन में संचालित है। ग्राम पंचायत करगीडी में जहां पर स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का भवन निर्माण कराया गया है वह कुंदी बांध के किनारे संचालित है। डुबान क्षेत्र होने के कारण हर साल बरसात के मौसम में लगभग तीन माह तक स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र भवन में के बांध के पानी भर जाने के कारण तीन माह तक भवन में ताला जड़ किसी दूसरे भवन में स्कूल व आंगनबाड़ी का संचालन किया जाता है। ऐसे में स्कूल में अध्ययनरत बच्चो व शिक्षकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि बरसात के बाद पुनः स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन बांध के डुबान क्षेत्र स्थित स्कूल व आंगनबाड़ी भवन में संचालित होता है। हैरानी की बात तो यह है कि पिछले कई साल से इस तरह की समस्या बरकरार है बावजूद इसके आज तक समस्या के निदान के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं की गई जिससे स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाले बच्चों को न सिर्फ कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि जुगाड़ में संचालित अन्य भवनों में पढ़ाई करने को मजबूर है। इस वर्ष भी लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कुंदी बांध लबालब है जिससे स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र भवन में पानी भर जाने से स्कूल भवनों में ताला जड़ पास के ही पहाड़ स्थित इंदिरा आवास भवन में स्कूल का संचालन किया जा रहा है।

#### बच्चों को होती है परेशानी

ग्राम करगीडी स्थित प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल में पढ़ाई करने वाले छात्र छात्राओं को ठंड व गर्मी के मौसम में स्कूल भवन में ही विद्यालय संचालन होने से पढ़ाई के लिए ज्यादा परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। लेकिन बरसात के मौसम शुरू होती है काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्कूल भवन बांध के डूबान क्षेत्र में होने तथा स्कूल भवन में पानी भर जाने से स्कूल का संचालन किसी दूसरे भवन में तीन माह तक किया जाता है। इस वर्ष भी प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल का संचालन पहाड़ स्थित इंदिरा आवास के एक कमरे में संचालित है। ऐसे में बच्चों को न सिर्फ बैठने बल्कि पढ़ाई करने तथा आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

#### डूबान क्षेत्र से प्रभावित है पांच गांव

कुंदी बांध के डूबान क्षेत्र में आसपास के पांच गांव प्रभावित है। जिसमें करगीडीह, चलगली, ऊपर पोड़ी, खाल पोड़ी व बकना कला गांव के कुछ हिस्से शामिल है। डूबान क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों की भूमि डूबान क्षेत्र में आने से शासन द्वारा मुआवजा राशि प्रदान की गई है। लेकिन कई प्रभावित ग्रामीण ऐसे है जिन्हें आज तक भूमि के एवज में मुआवजा राशि नहीं मिली है।

#### स्कूल परिसर में करते हैं खेती

कुंदी बांध का निर्माण साल 2017 में पूर्ण हो गया था। चलगली नदी को बांध कर बनाए गए बांध से कई गांव प्रभावित हुए जिसमें ग्राम करगीडीह भी शामिल है। बांध निर्माण पूर्ण होने के बाद डूबार क्षेत्र स्थित प्राथमिक, माध्यमिक व आंगनबाड़ी केन्द्र भवन डूबान क्षेत्र में आ गए। ऐसे में बरसात के मौसम में स्कूल व आंगनबाड़ी भवन में बंद होने से क्षेत्र के ग्रामीण बरसात के मौसम में स्कूल व आंगनबाड़ी परिसर में धान सहित अन्य खेती करने के उपयोग करते है।

#### डूबान क्षेत्र में है स्कूल भवन

ग्राम करगीडीह प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवन बांध के डूबान क्षेत्र में है। बरसात में स्कूल भवन में पानी भर जाने से पहाड़ स्थित इंदिरा आवास के एक कमरे में स्कूल का संचालन किया जा रहा है। स्कूल भवन डूबान क्षेत्र में होने कारण नया विद्यालय भवन के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जल्द ही दूसरे जगह स्कूल भवन का निर्माण होगा।

-मनोज वर्मा
बीईओ लुण्ड्रा

## सावन के अंतिम सोमवार को बोल बम के जयकारों से गूंजेगा शिवपुरी धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



सावन के अंतिम सोमवार को शिवपुर धाम में हजारो कांवरियों द्वारा बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

- हजारों कांवरिया करेंगे बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक

सावन के पवित्र माह में भक्ति का अद्भुत संगम और शिव भक्तों का विराट उत्सव देखने को मिलेगा। उत्तरवाहिनी सारासोर नदी से पवित्र जल लेकर हजारों कांवरियों का जत्था बोल बम के जयकारों के साथ बाबा जलेश्वरनाथ के शिवपुरी धाम की ओर प्रस्थान करेंगे।

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कांवरिया संघ द्वारा कांवड़ यात्रा सावन माह के अंतिम सोमवार 4 अगस्त को आयोजित किया है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी क्षेत्र शिवमय होगा। बोलबम, जय शिव शंकर और हर हर महादेव के जयघोष के बीच कांवरियों की टोली बाबा जलेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे। कांवड़ यात्रा यात्रा को लेकर कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है। गेरुआ वस्त्रधारी, कांवर को कंधे पर लेकर नंगे पांव पद यात्रा करेंगे। शिव चर्चा एवं भजन संध्या सरन लाल, अमृत साय, सोनू पैकरा, पुतरा लाल एवं साथियों द्वारा सारासोरो नदी तट पर किया जाएगा। जहां से श्रद्धालु जल उठाकर शिवपुरी धाम की पदयात्रा प्रारंभ करेंगे। संघ ने कांवड़ यात्रा में अनुशासन बनाए रखने और समूह में रहने तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना से स्वयं सतर्क रहें के दिशा निर्देश दिए है। कांवड़ यात्रा में क्षेत्र के हरिहरपुर, परमेश्वरपुर, मटिगढा, केवरा, दवनकरा, सेमराखुर्द, पोडी, दरहोरा, चन्दोरा, सरहरी, करंजवार, खोरमा, मानपुर, धरमपुर, प्रतापपुर सहित अन्य गांव के श्रद्धालु जुड़ेंगे।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

**अम्बिकापुर।** मनेन्द्रगढ़ स्थित विद्युत सब स्टेशन के सामने पोल के नीचे गंभीर हालत में पड़े सब स्टेशन में कार्यरत युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजन ने युवक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पेडारी निवासी भुनेश्वर यादव आ. शिव कुमार यादव (30 वर्ष) विद्युत सब स्टेशन में काम करता था। 22 जुलाई को विद्युत सब स्टेशन के सामने विद्युत पोल के नीचे पड़ा हुआ था। घटना की सूचना विद्युत कर्मचारियों ने परिजन को दी। परिजन युवक को रायपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सात दिनों तक चले उपचार के बाद चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। गत दिन परिजन युवक को गंभीर हालत शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने युवक के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था तथा घटना की शिकायत मनेन्द्रगढ़ थाने में किए जाने की बात पुलिस को बताई।

## डेढ़ महीने से टावर खराब, पंचायत की सभी ऑनलाइन सुविधा ठप



**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पोड़ी में मोबाइल उपभोक्ताओं को सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से एक कम्पनी द्वारा लगाया गया टॉबर पिछले डेढ़ माह से बंद पड़ा है। एक ओर क्षेत्र के मोबाइल धारक तो परेशान है ही वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के सभी ऑनलाइन सेवा ठप हो गया है। टावर के खराब होने के कारण उपभोक्ताओं का महीने का रिचार्ज भी फिजूल हो जा रहा है साथ ही रिचार्ज का महीना खत्म होते ही पैसा खत्म हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले डेढ़ महीना से टॉवर बंद है जिसके लिए कंपनी के टोल फ्री नंबर में भी शिकायत किए है साथ ही फील्ड देखने वाले कर्मचारियों को भी सूचित है लेकिन आज तक इसमें कोई कार्यवाही नहीं हुआ जिससे ग्रामीण बेहद परेशान है। बताया जा रहा है इस टावर के रेंज तक कोई दूसरा टॉवर भी नई बताता है जिससे फोन कॉल भी नहीं हो रहा है। टावर स्थापित करने वाले इंजीनियर अमर ने बताया कि टॉवर में कुछ टेक्निकल खराबी आया है जिसके लिए बाहर से सामान आना है। मेंटेनेंस देखने वालों को सूचना कर दिया हूं सामान आते ही लगाकर सर्विस चालू कर दिया जाएगा।

## गायक कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से दी मो. रफी को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




संगीत संघ व जिमनास्टिक क्लब के संयुक्त तत्वाधान में गायक मोहम्मद रफी की पुण्य तिथि पर एक शाम मोहम्मद रफी के नाम का आयोजन कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया गया।

परिसर में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, मृगेंद्र सिंहदेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केशरी, हिन्दी साहित्य परिषद के अध्यक्ष विनोद हर्ष, सुश्री वंदना दत्ता तथा आकाशवाणी के उद्घघोषक पद्मनाभ शर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने मो.रफी के गीतों को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि मोहम्मद रफी के गीत आज भी लाखों करोड़ों युवाओं में संगीत की रूचि पैदा करते हैं तथा नई पीढ़ी मोबाइल के इस युग में भी पुराने गीतों को गुनगुना रही है। ऐसे आयोजन शहर में निरंतर होते रहना चाहिए। मृगेंद्र सिंहदेव ने जिमनास्टिक क्लब के संस्थापक यूनुस खान को याद किया तथा कहा कि वे मो.रफी की पुण्यतिथि पर हर वर्ष यह आयोजित करते थे। संस्था ने उनकी याद में कार्यक्रम को जारी रखा है। कार्यक्रम में संरक्षक लक्ष्मी जायसवाल, संतोष दास सरल, पद्मनाभ शर्मा, सताक्षी वर्मा, फरीद बेग, राधेश्याम मानिकपुरी, मुमताज, मृदुल वर्मा, शक्ति वर्मा, मुकुल रावत, मेघा रावत, सुप्रिया सिन्हा, कल्पना गुप्ता, राकेश मिश्रा, राजेश सिंह, हितेश, उन्मेष मिश्रा, रेखा देवांगन, राजकुमार देवांगन आदि ने मधुर गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से वाहवाही बटोरी।

## जागरूकता अभियान के तहत लटोरी पुलिस ने ग्राम सम्बलपुर में आयोजित कराई फुटबॉल स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लटोरी पुलिस ने अनूठी पहल की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम संबलपुर के हीराडबरी में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लटोरी पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल मनोरंजन या खेल नहीं,बल्कि इसके जरिए समाज में एक सशक्त संदेश देना है,स्पर्धा का फाइनल मैच अनुजनगर और संबलपुर टीम के बीच खेला गया। खेल की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने शानदार खेल भावना का प्रदर्शन किया,अंतिम दौर में अनुजनगर की टीम ने जीत हासिल की।

- अनुजनगर की टीम बनी विजेता, फाइनल मैच में सम्बलपुर की टीम को हराया

अतिथियों द्वारा दोनों टीमों को शील्ड व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य किरण सिंह केराम,पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश्वर पैकरा, मंडल अध्यक्ष ठाकुर पैकरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन शर्मा, संबलपुर सरपंच कंवल बिहारी सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्य हरि सिंह, नरेश चौधरी, चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे। मौजूद अतिथियों ने इस दौरान कहा कि नशा युवाओं को अंधकार की ओर ले जाता है, जबकि खेल उन्हें अनुशासन, आत्मविश्वास और सफलता की ओर ले जाते हैं। आयोजन को सफल बनाने में लटोरी से दिलेश्वर, अंबिका सिंह, सुनील एक्का, शोभनाथ कुशवाहा, संतोष जायसवाल, मनोज, भोला व अन्य सक्रिय रहे।

## खेत में जहरीला पदार्थ मिलाकर रखे भूसा खाने से मवेशी की मौत

**अम्बिकापुर।** खेत में जहरीला पदार्थ व महुआ, यूरिया मिलाकर रखो भूसा को खाने से एक गाय व बछड़ा की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पस्ता थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक को सूचना मिला कि ग्राम झलरिया जंगल किनारे एक गाय व बछड़ा संदिग्ध हालत में मृत पड़े है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों से पूछताछ पश्चात मृत मवेशियों को पीएम के लिए भेज दिया। जांच के दौरान शव से कुछ दूर स्थित द्वारिका यादव के मक्का फसल के खेत में महुआ, भूसा, यूरिया एवं जहरीला पदार्थ रखा था। जिसे खाने से मवेशियों की मौत होने की संभावना जताई। पुलिस ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खेत में लगभग 10 से 20 स्थान पर जहरीला भूसा रखा पाया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 325 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भारत माता चौक से दरिमा मोड़ तक स्थिति बेहद खराब

## लोग संकेतक लगाकर सड़क पर बने खतरनाक गड्ढों से कर रहे आगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के भारत माता चौक से दरिमा रोड तक की सडक बेहद जर्जर हो चुकी है। महामाया पहाड़ से उतरने वाले पानी की निकासी नहीं होने के कारण सड़क अब बची नहीं है और जगह जगह गड्ढे हो गए है। सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना का कारण बन रहे है। ऐसे में अब लोग खुद ही संकेतक बोर्ड और झाडियां रखकर लोगों को खतरे के प्रति आगाह कर रहे है।

बता दें कि शहर के भारत माता चौक से दरिमा रोड डीहिलाक्स पब्लिक स्कूल के आगे तक सड़क की हालत बेहद जर्जर हो गई है। इस मार्ग पर महामाया पहाड़ से बारिश का पानी काफी तेजी से उतरता है लेकिन अब पानी निकासी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। पानी निकासी के प्राकृतिक मार्ग को बाधित कर दिया गया है जबकि नाला को बंद कर कब्जा कर लिया गया है। यही वजह है कि बारिश के समय बारिश का पानी सड़क पर जमा होता है और भारी वाहनों के आवागमन के कारण सड़क की हालत बेहद जर्जर हो गई है।

सडक पर जल जमाव के कारण गड्ढे हो गए है। कई जगह सड़क को काटकर पानी की निकासी की गई है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आवागमन करना खतरनाक हो गया है। फिलहाल इस मार्ग पर चलने वालों को किसी प्रकार की राहत नहीं मिलने वाली।



ऐसे में लोगों को दुर्घटना से बचाने के लिए लोगों ने खुद ही सड़क पर संकेतक बोर्ड लगाकर व झाडियां रखकर गड्ढों व खतरे के प्रति आगाह कर रहे है ताकि कोई हादसें का शिकार ना हो।

## सीटीओ के अभाव में बंद पड़ी बलरामपुर 10-12 खदान के कर्मियों को नई पदस्थापना चुनने का दिया गया विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर 10-12 खदान एक बार फिर कोयला उत्पादन सीटीओ क्लियरेन्स न मिल पाने के कारण संचालन ठप्प रह गया, ऐसे में खान प्रबंधक ने अब कर्मचारियों को स्वेच्छा से नई खदानों में पदस्थापना चुनने का विकल्प दिया है।खान प्रबंधक द्वारा जारी आदेश के अनुसार खदान में पदस्थ सभी कर्मचारियों से कहा गया है कि वे अपनी इच्छानुसार नई खदान में स्थानांतरण के लिए आवेदन करें। उन्हें यह आवेदन तीन दिन के भीतर खान प्रबंधक कार्यालय में लिखित रूप में जमा करना होगा।

- कोल कर्मचारी अपनी इच्छा अनुसार सम्बंधित दूसरी खदानों में पदस्थापना पाने के लिए कर सकेंगे आवेदन, जहां पर वेकेन्सी उपलब्ध हो

इसके आधार पर कर्मियों को आवश्यकतानुसार अन्य खदानों में समायोजित किया जाएगा। ज्ञात हो कि बलरामपुर 10-12 खदान में उत्पादन बंद होना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी खदान अप्रैल 2024 और फिर जुलाई से अगस्त 2024 तक पर्यावरणीय मंजूरी के अभाव में बंद रह चुकी है, एक बार फिर 1 जुलाई से यह खदान बंद कर दी गई है। इस खदान का संचालन लगातार अनिश्चितताओं से घिरा रहा है। 30 जून को इस खदान में अंतिम दिन करीब 350 टन कोयला उत्पादन हुआ था,यह खदान बिश्रामपुर क्षेत्र की प्रमुख खदानों में से एक मानी जाती है जहां वर्तमान में लगभग 450 कर्मचारी पदस्थ हैं। खदान बंद होने के बाद न केवल कोल उत्पादन पर असर पड़ा है बल्कि कर्मचारियों के भविष्य को लेकर भी संशय की स्थिति बन गई है। नई पदस्थापना की प्रक्रिया में कर्मचारियों को यह मौका दिया गया है कि वे अपनी पसंद की खदान चुन सकें, जहां वेकेन्सी उपलब्ध हो।हालांकि इस विकल्प के साथ कुछ चुनौतियां भी सामने आ रही हैं।



# वॉर 2 के गाने पर श्रीलंका में ऋतिक ने किया डांस

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन और कियारा आडवाणी की फिल्म वॉर 2 का पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कुछ ही दिन पहले रिलीज हुआ है। दर्शकों की तरफ से अब तक गाने को अच्छा-खासा रिस्पॉन्स मिला है। इसी बीच अब अभिनेता अपने इसी गाने पर श्रीलंका में हुए एक इवेंट में थिरकते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में ऋतिक को एक स्टेज पर देखा जा सकता है। ऋतिक-कियारा पर फिल्माए इस गाने को अरिजीत सिंह और निखिता गांधी ने अपनी आवाज दी है। इस गाने की शूटिंग इटली के खूबसूरत शहर टस्कनी और रोम में हुई है।

लाइफ Style



# अनीत
## एयरलाइंस में भी कर चुकी हैं काम

फिल्म 'सैयारा' के जरिए अहान पांडे और अनीत पड्डा ने इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। अहान के बारे में दर्शक जानते हैं कि वे फिल्मी परिवार से आते हैं। मगर, अनीत पड्डा एकदम नया चेहरा हैं। दर्शकों की दिलचस्पी यह जानने में भी है कि फिल्म 'सैयारा' में आने से पहले वे क्या करती थीं?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसका खुलासा उनकी लिंक्डइन प्रोफाइल से हुआ है, जो अचानक से इंटरनेट पर वायरल हो रही है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सैयारा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हो चुकी है। इसमे लीड हीरो अहान पांडे फिल्मी परिवार से आते हैं। वे चंकी पांडे के भतीजे यानी चिक्की पांडे के बेटे हैं। दर्शक इस फिल्म की हीरोइन अनीत पड्डा की निजी जिंदगी के बारे में जानने को भी उत्साहित है। इसी उत्सुकता के चलते वे अभिनेत्री की सोशल मीडिया प्रोफाइल फॉलो कर रहे हैं। अब इस कड़ी में अनीत की लिंक्डइन प्रोफाइल वायरल हो रही है, जिसमें कई अहम जानकारी हैं। दर्शकों ने अनीत पड्डा का लिंक्डइन अकाउंट खोज निकाला।

इंटरनेट पर वायरल हो रही अभिनेत्री की यह प्रोफाइल उनके दिल्ली विश्वविद्यालय के जीसस एंड मैरी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान बनाई गई थी। प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पड्डा पॉलिटिकल साइंस की स्टूडेंट रही हैं। हालांकि, बीते काफी वक्त से यह प्रोफाइल अपडेट नहीं है। लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक अनीत पॉलिटिकल साइंस में बीए कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने एक एयरलाइंस में इंटर्नशिप भी की।

हॉलीवुड मसाला



# नए शूट में नजर आए टॉम

**लॉस एंजिल्स।** स्पाइडर-मैन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। मेकर्स ने स्पाइडर-मैन की आगामी फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' का फर्स्ट लुक रविवार को रिलीज किया। इस पहली झलक में टॉम हॉलैंड एक बिल्कुल नए सूट में वापसी करते हुए प्रशंसकों से पूछते हैं, 'क्या आप तैयार हैं?' 22 सेकंड के इस फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत टॉम हॉलैंड को नए स्पाइडर-मैन सूट में दिखाती है। जैसे ही उनके सामने एक बड़ा दरवाजा खुलता है, बाहर से रोशनी अंदर आती है। टॉम उत्साहित नजर आते हैं और फिर नए सूट में फ्रेम के करीब आते हैं।



# एकॉन भारत के तीन शहरों में करेंगे लाइव कॉन्सर्ट...

**मुंबई।** शाहरुख खान और करीना कपूर पर फिल्माया गाना 'छम्मक छल्लो' याद है? वैसे ये गाना हर किसी को याद होगा, क्योंकि 'रा.वन' फिल्म के इस गाने ने उस साल खूब धूम मचाई थी। 14 साल पहले आए इस गाने के स्टेप्स अभी तक छाए हुए थे। इसके सिंगर एकॉन थे, जो अब भारत के तीन शहरों में जल्द ही लाइव परफॉर्मेंस देने वाले हैं। 'छम्मक छल्लो' सिंगर एकॉन राजधानी दिल्ली में 9 नवंबर को धमाल मचाएंगे। इसके बाद वो अगली बार 14 नवंबर को बेंगलुरु में परफॉर्म करेंगे। फिर मुंबई में 16 नवंबर को लाइव परफॉर्मेंस होगी। एकॉन के शो के टिकट पहले से ही देश में सबसे ज्यादा मांग वाले टिकटों में से हैं। एचएसबीसी कार्ड होल्डर्स को 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से इन टिकटों की शुरुआती सुविधा मिलेगी, जबकि अन्य लोग 10 अगस्त रात 10 बजे से टिकट खरीद सकते हैं।



# फैंस के प्यार से बेहद खुश हुईं मृणाल

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर ने रविवार को सोशल मीडिया स्टोरी पर एक खास पल शेयर किया। जिसमें वह प्रशंसकों के साथ फिल्म की आधी रात की स्क्रीनिंग देख रही हैं। इस पल को उन्होंने अब तक का सबसे अच्छा एहसास बताया।

बॉलीवुड एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम स्टोल्मि 'सन ऑफ सरदार 2' के कई वीडियोज और तस्वीरें शेयर कीं। इन सभी वीडियो में मृणाल के फैंस फिल्म को देखकर उत्साहित और खुश नजर आ रहे हैं। वहीं, एक वीडियो में मृणाल भी फैंस के बीच फिल्म का आनंद लेती नजर आईं। स्टोरी में मृणाल ने लिखा, 'सन ऑफ सरदार 2' का मिडनाइट शो देखते हुए तालियां और सीटियां बजीं। अब तक का सबसे अच्छा एहसास। सन ऑफ सरदार 2 को अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।





# सौरभ-रणवीर बने कॉमेडी का हिस्सा

**मुंबई।** सौरभ शुक्ला और रणवीर शौरी कई कॉमेडी फिल्मों में रंग जमा चुके हैं, साथ ही क्राइम स्टोरीज वाली फिल्मों का भी हिस्सा रहे हैं। अब ये दोनों एक्टर्स एक डॉर्क गैंगस्टर कॉमेडी में साथ नजर आएंगे। इनकी जल्द रिलीज होने वाली सीरीज बिंदिया के बाहुबली का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। ट्रेलर में एक दावन परिवार है, जो बिंदिया नाम की एक जगह के बाहुबली हैं। सीरीज में दावन परिवार के मुखिया यानी बड़ा दावन जब अपना पॉलिटिकल करियर शुरू करना चाहता है तो पुलिस उसे गिफ्तार कर लेती है। अब परिवार बड़े दावन को कैसे जेल से निकालेंगे? इसी पूरे प्लानिंग में कई उल्टी-सीधी घटनाएं होती हैं, जो कॉमेडी का तड़का सीरीज में लगाती हैं। अपने किरदार बड़ा दावन के बारे में बात करते हुए सौरभ कहते हैं, 'यह सीरीज एक ऐसे परिवार की कहानी कहती है, जो सत्ता की चाहत रखता है।

टीवी मसाला



# 27 साल से इंडस्ट्री में एक्टिव कभी नहीं मिला लीड रोल

**नई दिल्ली।** आपको 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' के मशहूर गुलाटी और रिंकू देवी और 'द कपिल शर्मा शो' के इंजीनियर साहब तो याद ही होंगे। इन सभी किरदारों को मशहूर बनाने वाले हैं कॉमेडियन और एक्टर सुनील ग्रोवर। सुनील ग्रोवर को इंडस्ट्री में लगभग 27 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने टेलीविजन से लेकर फिल्मों तक में अलग-अलग तरह के कई किरदार निभाए हैं। इन सभी किरदारों को सुनील ग्रोवर ने अपने अभिनय से यादगार बनाया है। हालांकि, ये सुनील ग्रोवर की बदकिस्मती ही रही कि साल 1998 से फिल्मों में नजर आने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे। इंडस्ट्री के तीनों खानों- शाहरुख, आमिर और सलमान के साथ फिल्में करने के बावजूद सुनील ग्रोवर को पहचान कपिल शर्मा के कॉमेडी शो से ही मिली। सुनील ग्रोवर एक्टिंग की दुनिया में साल 1995 से एक्टिव हैं और फिल्मों में वो 1998 से नजर आ रहे हैं। इस दौरान वो कई बड़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। जिनमें प्यार तो होना ही था, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, मैं हूं ना, गजनी, भारत और जवान जैसी फिल्में शामिल हैं। सुनील ग्रोवर को दिवंगत एक्टर-कॉमेडियन जसपाल भट्टी की खोज बताया जाता है। इतनी बड़ी फिल्मों में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद सुनील ग्रोवर को बॉलीवुड में कभी वो पहचान नहीं मिली जिसके वो हकदार थे।

## तुलसी की नई बहू की सीरियल में एंट्री, क्या संभालेगी शांति निकेतन की विरासत?

**नई दिल्ली।** सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में अपने परिवार और शांति निकेतन की जिम्मेदारियां अब भी तुलसी बखूबी निभा रही हैं। मगर उसे चिंता है कि आगे शांति निकेतन की जिम्मेदारी कौन संभालेगा? कौन उसके लिए मददगार बनेगा? इन्हीं सवालों के बीच एक नए चेहरे की एंट्री सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में होती है। सोशल मीडिया पर भी कुछ वीडियो, फोटोज वायरल हैं, जिसमें तुलसी की नई बहू की झलक मिलती है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में तुलसी, माता रानी से सवाल करती है? 'कौन बचाएगा मेरे घर को? क्या मैं अपने बच्चों के लिए अच्छी मां नहीं बन सकी? कौन करेगा मेरी मदद?' इन्हीं सवालों के बीच उलझी तुलसी, शांति निकेतन के आगंन में लगे तुलसी के पौधे को बारिश से बचाती हुई दिखती है। आगे वायरल वीडियो में नजर आता है कि एक दूसरी जगह तुलसी के पौधे के आगे नए चेहरे की एंट्री होती है। सुंदर, सादगी से भरा चेहरा लिए एक लड़की नजर आती है। यही होगी तुलसी के घर की नई बहू। दरअसल, यही लड़की तुलसी को एक बड़ी मुश्किल से बाहर निकालेगी।



# महावतार नरसिम्हा की लंबी छलांग सन ऑफ सरदार 2-धड़क 2 पड़ीं बेजान

**नई दिल्ली।** अगस्त के पहले वीकेंड पर कई बड़ी फिल्में रिलीज हुईं, जिनमें से कुछ ने दर्शकों को आकर्षित करने में सफलता पाई, तो कुछ उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं। हालिया रिलीज सन ऑफ सरदार 2, धड़क 2, सैयारा, किंगडम और महावतार नरसिम्हा की बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

**सन ऑफ सरदार 2 :** अजय देवगन की चर्चित फिल्म सन ऑफ सरदार का सीक्वल दर्शकों के बीच उत्सुकता तो पैदा कर पाया, लेकिन पहले दो दिनों में फिल्म की कमाई औसत ही रही। पहले दिन जहां फिल्म ने करीब 7.25 करोड़ रुपए का कारोबार किया। वहीं, दूसरे दिन की कमाई बढ़कर 7.5 करोड़ तक पहुंची। कुल मिलाकर दो दिन में 14.75 करोड़ रुपए की कमाई करते हुए फिल्म ने उम्मीद से कम प्रदर्शन किया है।



**धड़क 2 :** जाह्नवी कपूर के डेब्यू की अगली कड़ी मानी जा रही धड़क 2 को लेकर युवा दर्शकों में हल्की एक्साइटमेंट थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये ज्यादा असर नहीं छोड़ सकी। पहले दिन फिल्म ने 3.5 करोड़ और दूसरे दिन 3.75 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। यानी दो दिन में कुल 7.25 करोड़ रुपए की कमाई के साथ फिल्म का ग्राफ धीमा है। समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया से साफ है कि फिल्म को लंबी रेस के लिए दर्शकों का समर्थन चाहिए।

**सैयारा :** बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई कर रही सैयारा ने अपनी रिलीज के 16वें दिन भी रफ्तार बनाए रखी। फिल्म ने 16वें दिन 6.35 करोड़ कमाए। फिल्म ने अब तक घरेलू स्तर पर 291.35 करोड़ रुपए और वैश्विक स्तर पर 400 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। भले ही अब कलेक्शन में थोड़ी गिरावट आ रही हो, लेकिन फिल्म ने इस साल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन में खुद को स्थापित कर लिया है।

**महावतार नरसिम्हा ने रचा इतिहास :** फिल्म महावतार नरसिम्हा जबरदस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने पहले हफ्ते में टोटल 44.75 करोड़ कमाए थे। पहले दिन फिल्म ने 1.75 करोड़ कमाए थे। दूसरे दिन 4.6 करोड़, तीसरे दिन 9.5 करोड़, चौथे दिन 6 करोड़, पांचवे दिन 7.7 करोड़, छठे दिन 7.7 करोड़, सातवें दिन 7.5 करोड़ और आठवें दिन 7.7 करोड़ का कलेक्शन किया। फिल्म के हिंदी कलेक्शन की बात करें तो पहले हफ्ते में फिल्म ने 29 करोड़ कमाए। वहीं दूसरे शुक्रवार को 5 करोड़ और दूसरे शनिवार 11 करोड़ कमाए।

# कुली के ट्रेलर लॉन्च में पहुंचे आमिर रजनीकांत के छुए पैर





**मुंबई।** चेन्नई में रजनीकांत की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। इस इवेंट में आमिर खान की सरप्राइज एंट्री ने हर किसी को खुश कर दिया। इवेंट से आमिर खान का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आमिर खान रजनीकांत के पैर छूते नजर आ रहे हैं। साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की अपकमिंग की फिल्म कुली का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही फैंस का इस फिल्म को लेकर इंतजार और बढ़ गया है। रजनीकांत की इस फिल्म में आमिर खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर लॉन्च इवेंट चेन्नई में हुआ। इस इवेंट में आमिर खान ने भी हिस्सा लिया। आमिर खान की सरप्राइज एंट्री से हर कोई खुश हो गया। सोशल मीडिया पर आमिर खान के इस इवेंट के कुछ वीडियोज वायरल हो रहे हैं। ये फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के दो गाने रिलीज किए जा चुके हैं। इस फिल्म में आमिर खान के किरदार का नाम दाहा होगा। फिल्म में रजनीकांत एक गोल्ड तस्करी करने वाले का किरदार निभाएंगे। उनका नाम देवा होगा।

## कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड किया अपने नाम

# विधायक जी का कटहल चोरी न हुआ होता तो ये कमाल कैसे हो पाता

*नई दिल्ली। 71 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा के दौरान एक ऐसी फिल्म का नाम लिया गया जो साल 2023 में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई थी। ये एक मनोरंजक व्यंग्यप्रधान सामाजिककॉमेडी थी। इस फिल्म का नाम है 'कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री', जिसे यशोवर्धन मिश्रा ने निर्देशित किया है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के एक काल्पनिक कस्बे मोबा की राजनीतिक और सामाजिक हलचलों को एक अनोखे अंदाज में पेश करती है। कहानी की शुरुआत एक विधायक के बाग से दो दुर्लभ कटहल की चोरी से होती है, जिसे लेकर पूरा थाना सिर पर उठा लिया जाता है। लेकिन, असली रहस्य एक माली की गुमशुदा बेटी के इर्द-गिर्द घूमता है। फिल्म की कहानी में कई मोड़ आते हैं। कटहल: ए जैकफ्रूट मिस्ट्री ने बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड अपने नाम किया।*

### कहानी क्या है?

उत्तर प्रदेश के काल्पनिक कस्बे मोबा में एक विधायक (विजय राज) की हवेली से दुर्लभ अंकल हॉन्गा प्रजाति के दो कटहल चोरी हो जाते हैं और पूरा थाना उनकी खोज में लग जाता है। हालांकि असली मुद्दा कहीं और है। पुलिस पर भारी दबाव डाला जाता है कि चोरी हो गया कटहल जल्द ढूंढे, वरना विधायक थाने को आग लगा देने की धमकी देता है। इंस्पेक्टर महिमा बसोर (सान्या मल्होत्रा) इस केस की जिम्मेदारी संभालती है, लेकिन जल्द ही उसे पता चलता है कि वास्तविक मामला एक माली की बेटी अमिया के अपहरण से जुड़ा है। पुलिस प्रशासन कटहल चोरी को प्राथमिकता दे रहा है जबकि जिंदगी की असली कहानी कुछ और है। महिमा उसी का पता लगाने निकल पड़ती है। इस बीच कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी की जिंदगी भी उलझी होती है। उनकी रिपोर्टिंग महिमा का होती है, जो उसकी गर्लफ्रेंड भी है। दोनों की प्रेम कहानी भी सीनियर-जूनियर के फेर में उलझी रहती है और शादी तक नहीं पहुंच पा रही होती।



**फिल्म में है दमदार कास्ट :** इंस्पेक्टर महिमा बसोर के रोल में सान्या मल्होत्रा नजर आ रही हैं। इसके अलावा कांस्टेबल सौरभ द्विवेदी अनंत वी जोशी हैं। वो महिमा के प्रेमी के रोल में हैं, जो एक ऊंची जाति के हैं और नीचली जाति की लड़की से प्यार करते हैं। विजय राज, विधायक मुन्नालाल पटेरिया, कटहल मालिक के रोल में हैं। राजपाल यादव, पत्रकार अनुज संघवी के रोल में हैं, जो रिपोर्टिंग के जरिये महिमा को न्याय की दिशा दिखाता है। ब्रिजेंद्र कला, नेहा सराफ, रघुबीर यादव और अंबरीश सक्सेना जैसे सितारे भी अहम किरदार निभा रहे हैं।

### फिल्म का भाव

ये फिल्म एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति थी। कटहल जैसे मामूली चोरी को एक बड़े अपराध की तरह दिखाकर फिल्म समाज और प्रशासन की विसंगतियों पर कटाक्ष करती है। जातीय और सामाजिक तनाव को फिल्म में दिखाया गया है, जहां महिमा को निचली जाति की होने की वजह से लगातार भेदभाव का सामना करना पड़ता है, बखूबी दिखाया गया है कि कैसे सिस्टम की प्राथमिकताएं गलत दिशा में होती हैं। पावर गेम और भ्रष्ट प्रशासन की झलकियां भी इस फिल्म में दिखाई गई हैं। विधायक का दबदबा, पुलिस का लालच और जनता की अपेक्षाएं सभी को मिलाकर फिल्म ने ताकतवर संरचनाओं की आलोचना की है। बता दें, 'कटहलः ए जैकफ्रूट मिस्ट्री' 19 मई 2023 को वैश्विक प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इसे अभी भी आप स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### सम्मान निधि की 20वीं किश्त किसानों के खातों में

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त की राशि प्रदान की, जिसमें रायगढ़ जिले के 87,576 किसानों को कुल 19.29 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में ट्रांसफर की गई। कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में आयोजित लाइव कार्यक्रम में बीडीसी सदस्य श्रीमती शिवकुमारी साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीएस राजपूत, उप संचालक अनिल वर्मा, डॉ. ए के सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। किसानों को प्राकृतिक खेती, नैनो यूरिया और मसाला खेती के लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हल्दी पौधे, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फलदार वृक्षों का निःशुल्क वितरण किया गया। कई किसानों ने मंच पर आकर इस योजना से मिली सहायता के अनुभव साझा किए।

### लायंस क्लब खरसिया सिटी का शपथ ग्रहण सम्पन्न

**खरसिया।** लायंस क्लब खरसिया सिटी का शपथ ग्रहण समारोह होटल हाउस ऑफ कामन में आयोजित हुआ। अध्यक्ष पद की शपथ लायन संजय अग्रवाल मेडिकल ने ली। शपथ अधिकारी पूर्व गवर्नर लायन प्रितपाल बाली ने छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ दिलाई। समारोह में पूर्व मल्टीप्ल काउंसिल वाइस चेयरमैन लायन राजकुमार अग्रवाल मुख्य अतिथि थे। निवर्तमान अध्यक्ष लायन रामनारायण सोनी ने कार्यों की जानकारी दी। क्लब को लायन तिराहा निर्माण सहित सेवाकार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। दो नए सदस्य मनोज अग्रवाल मेडिकोज व मनोज कबूलपुरिया ने सदस्यता ली। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष स्व. दिलीप सिंह सलूजा की धर्मपत्नी ने अतिथियों को सम्मानित कर भावुक क्षण जोड़े। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हितेश गवेल ने किया व अंत में पत्रकारों का सम्मान व सहभोज हुआ।

### संस्कार के सुबोध का स्विटजरलैंड में चयन

**रायगढ़।** संस्कार पब्लिक स्कूल के सत्र 2024-25 के कक्षा 12वीं के छात्र सुबोध कुमार नायक पिता देवराज नायक का चयन स्विटजरलैंड के विलार्स सुर ओलोन स्थान के संस्था विलार्स इन्सटीट्यूट द्वारा किया गया है। संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि सिस्टम लिडर्स की आने वाली पीढ़ी को वैश्विक चुनौतियों का सामना करने स्थाई समाधान विकसित करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन विलार्स सुर ओलोन नामक शहर में 3 से 9 अगस्त 2025 तक के लिए आयोजित होगा। यह कार्यक्रम विलार्स इंटेसिव ईकोप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित होगा। जिसमें प्रतिभागी परिवर्तनकारी शिक्षा मार्गदर्शन और व्यवहारिक सहयोग में संलग्न होने के लिए एकत्रित होंगे। इसमें शामिल विषय हैं। अभिजात वर्ग मेंटरशिप, अत्याधुनिक प्रणालीगत सोच, निवेशिक पीच के अवसर, प्रकृति के गहन अनुभवों पर चर्चा। यह गहन कार्यक्रम सीखने के साथ साथ पुनर्योजी भविष्य के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध युवाओं हेतु एक लॉंच पेड भी है।

---

बदहाल सड़क से बढ़ रही लोगों में नाराजगी, कई बार कर चुके हैं आन्दोलन

# गौरव पथ निर्माण में देरी से नाराज युवा आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

चंद्रपुर नगर में लंबे समय से अधर में लटके गौरव पथ निर्माण कार्य को लेकर युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा है। निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी और प्रशासन की अनदेखी के विरोध में नगर के युवाओं ने मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है।

युवाओं का कहना है कि गौरव पथ की घोषणा को काफी समय बीत चुका हैए लेकिन अब तक न तो काम पूरा हुआ है और न ही कोई स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। इससे नगर की जनता को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय युवाओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाएए तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। हड़ताल की तैयारी को लेकर नगर के विभिन्न युवा संगठनों ने एकजुट होकर रणनीति बनाई है। आंदोलन में छात्र, व्यापारी और आम नागरिकों के समर्थन की भी उम्मीद जताई जा रही है। नगरवासियों ने भी युवाओं के इस कदम को समर्थन देते हुए प्रशासन से जल्द कार्य पूरा करने की मांग की है।



#### प्रदर्शन, बंद और चेतावनी के बाद भी उदासीनता

बीते 6 जनवरी को नगरवासियों ने प्रशासन को 15 जनवरी तक सड़क निर्माण शुरू करने का अल्टीमेटम दिया था। चेतावनी दी गई थी कि यदि कार्य शुरू नहीं हुआ, तो 17 जनवरी को नगर बंद किया जाएगा। लेकिन कोई हल नहीं निकला। नतीजतनए 16 जनवरी की शाम हुई प्रशासनिक बैठक में भी ठेकेदार गैरहाजिर रहा और अधिकारियों ने गोलमोल जवाब दिए। इसके बाद 17 जनवरी को चंद्रपुर पूर्णतः बंद रहा। मंदिर परिसर, बस स्टैंड, गलियों की दुकानें स्वतः बंद रहीं। श्रद्धालुए यात्री और व्यापारी सब परेशान दिखे। बावजूद इसके, ठोस कार्रवाई न होते देख लोगों ने अगले कदम की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अब फिर से एक बार नगरवासी आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं। युवाओं ने भी मोर्चा संभाल लिया है। मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा के साथ अब लोग चक्काजाम पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

#### अब आर पार की लड़ाई

युवाओं ने चेतावनी दी है कि जब तक सड़कों की स्थिति नहीं सुधरती और गौरव पथ निर्माण का काम शुरू नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बार की हड़ताल सिर्फ एक चेतावनी नहीं बल्कि आर पार की लड़ाई है। प्रशासन की चुप्पी और लापरवाही से नाराज चंद्रपुरवासी अब सड़कों पर उतरकर जवाब मांगने की तैयारी में हैं।

#### ठेकेदार और प्रशासन की चुप्पी संकट की जड़

चंद्रपुर नगर में गौरव पथ निर्माण में हो रही भारी लापरवाही ने लोगों का धैर्य तोड़ दिया है। महानदी पुल से लेकर कोतरी नाला तक लगभग 12 करोड़ की लागत से बन रही इस सड़क का कार्य पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। अधूरे काम, उबड़ खाबड़ गड्ढे, और धूलभरी सड़कों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। असल में इसका पूरा दारोमदार स्थानीय प्रशासन और ठेकेदार को माना जा रहा है। ठेकेदार कार्य में लापरवाही कर रहा है, जबकि प्रशासन ने आंख मूंद ली हैं। और इसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

#### पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुई थी स्वीकृति

यह सड़क निर्माण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी, पर वर्तमान में कार्य पूरी तरह ठप है। ठेकेदार ने मनमाने तरीके से अधूरा और असंगठित निर्माण कार्य किया। कुछ जगहों पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है, जो अब दुर्घटनाओं का कारण बन रही हैं। वहीं, फ्लाई एश के अनियंत्रित परिवहन से फैक्ट्री की राख नगरवासियों की सेहत पर कहर बनकर गिर रही है। आलम ये है कि लोग घरों से निकलना नहीं चाहते।

---



# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याएं सुनी।

उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह निर्देश दिए कि हर आवेदनकर्ता को उनके प्रकरण के निपटारे की सूचना समय पर प्राप्त हो, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिले। जनदर्शन जैसे माध्यमों से आमजन सीधे प्रशासन से जुड़कर अपनी समस्याएं साझा कर सकते हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान मिले। आज जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व संबंधी मामले, आवास, बारिश के दौरान उत्पन्न होने वाली समस्याओं के निराकरण के मामले सहित विभिन्न विषयों से संबंधित मांगें शामिल थीं।

- प्राप्त आवेदनों को समयबद्ध निराकरण के दिए निर्देश

### जिले में अब तक 7161.9 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 7161.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 अगस्त तक की स्थिति में 5662.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 69.9 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 767.8 मिमी, मनोरा में 918.0 मिमी, कुनकुरी में 1021.8 मिमी, दुलदुला में 430.3 मिमी, फरसाबहार में 589.7 मिमी, बगीचा में 750.8 मिमी, कांसाबेल में 686.6 मिमी, पत्थलगांव में 632.6 मिमी, सन्ना में 843.4 मिमी एवं बागबहार में 520.9 मिमी वर्षा हो चुकी है।

---

# जिले के जंगलों में बाघ की धमक से दहशत, वन विभाग ने जारी किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में बढ़ते जंगली हाथियों के बाद अब यहां के जंगलों में बाघ की धमक से लोगों में दहशत का माहौल है। धरमजयगढ़ वन मंडल द्वारा गांव वालों को अलर्ट करते हुए जिस जगह बाघ आने की सूचना मिली है आसपास के जंगलों में सर्चिंग की जा रही है।

दरअसल बाघ आने की आहट छाल के जंगलों से मिली है, जहां के ग्रामीणों ने बड़े पांव के निशान मिलने के बाद वन विभाग को सूचना दी थी। छाल के जंगलों में बाघ की धमक के बाद एक दर्जन से भी अधिक गांव में मुनादी करा कर ग्रामीणों को अलर्ट करते हुए कहा जा रहा है कि जंगलों की तरफ जाने से बचें। चूंकि हाथियों के बाद अब यहां बाघ आने की जानकारी मिली है। ज्ञात हो कि सप्ताहभर पहले



#### 6 अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं

धरमजयगढ़ वन मंडल के डीएफओ जितेन्द्र कुमार उपाध्याय का कहना है कि बाघ के मूवमेंट पर लगातार निगरानी रखने के लिए 6 अलग-अलग टीमें बनाई गई है। हाल ही में इसकी पहली जानकारी छाल के जंगलों में मिले पदचिन्हों से हुई थी और अब लैलूंगा के जंगलों में भी इसके पैरों के निशान मिले हैं। जिसके कारण आसपास के गांव में मुनादी के जरिए गांव वालों को अलर्ट किया गया है।

#### हाथी के बाद अब बाघ की दहशत

जिले के रायगढ़ व धरमजयगढ़ वन मंडल में पहले से ही कई दर्जन गांव में जंगली हाथियों की बढ़ती संख्या और उनके आतंक से लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि हाथियों के चलते गांव के लोग पहले रतरगा करते थे और अब बाघ के आने से वे वन विभाग से सहयोग की उम्मीद करते हुए सुरक्षा के उपाय तलाश रहे हैं। इतना ही नहीं बाघ की दहशत के चलते ग्रामीण अपने मवेशियों जंगल भेजने से भी कतरा रहे हैं।

---

### क्विज स्पर्धा में पुसौर विकासखण्ड अव्वल

**रायगढ़।** पीएमश्री शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता में पुसौर विकासखंड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिले के सातों विकासखंडों के प्रतिभागी शामिल हुए। पुसौर ने 40 अंक, धरमजयगढ़ ने 35 अंक और लैलूंगा ने 30 अंक अर्जित कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. केवी राव ने प्रश्न पूछे और विज्ञान में हो रहे नवीनतम शोधों पर नजर रखने की सलाह दी। प्रतियोगिता संचालन में विषय विशेषज्ञ राजेन्द्र कलैत (भौतिकी), पारसमणि साहू (रसायन), अनुपमा तिवारी (जीवविज्ञान), बी.एल. गुप्ता (गणित) शामिल रहे। कार्यक्रम में मिशन समन्वयक नरेंद्र चौधरी, डीपीओ देवेंद्र वर्मा, एपीसी भुवनेश्वर पटेल आदि शामिल रहे।

---

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिले 363.42 करोड़

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन में बदलाव लाने के लिए महतारी वंदन योजना लाई गई थी। यह योजना देखने में एक छोटी सी आर्थिक सहायता मात्र दिखाई देती है पर इस योजना से जिले की अर्थव्यवस्था पर एक व्यापक प्रभाव दिखाई दे रहा है। वे महिलाएं जो घर की लक्ष्मी मानी जाती हैं।

अक्सर घर परिवार की जरूरतें पूरा करते घर के बाहर निकल नहीं पाती थी और अपनी छोटी जरूरतों के लिए भी दूसरों का मुख देखा करती थी। उन महिलाओं के लिए शासन द्वारा प्राप्त आर्थिक सहायता स्वाभिमान लेकर आई है। जब जिस वस्तु की आवश्यकता हो बस अपने खाते से पैसे निकाल कर वे अपने लिए आवश्यक समाग्री ले सकती हैं और पहले अपने पैसे निकालने उन्हें शहर जाना पड़ता था उसका उपाय करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर गांव गांव में अटल सुविधा केन्द्र के माध्यम से नगद निकासी की व्यवस्था की गई है। यह महिलाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में एक सार्थक कार्य कर रहा है। यह योजना केवल महिलाओं ही नहीं बल्कि पूरे जिले की अर्थव्यवस्था को गति देने का एक माध्यम बन रही है। महतारी वंदन योजना द्वारा जिले में 2 लाख से अधिक महिलाओं को योजना की शुरूआत मार्च 2024 से जुलाई 2025 तक 363 करोड़ 42 लाख 25 हजार 900 रूपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। एक वृहद उद्योग भी इतने बड़े लाभ से एक वर्ष में इतनी बड़ी जनसंख्या को लाभान्वित नहीं कर सकता। इस राशि का उपयोग कोई महिला अपनी सिलाई की दुकान में तो कोई अपने बच्चों की फीस, किताबों, कपड़ों, मिठाइयों, त्योहारों की तैयारियों में कर रहीं हैं। किसी ने इस पैसे को अपने बच्चों की भविष्य के लिए निवेश किया है तो किसी ने सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश कर अपनी बेटियों का जीवन सुरक्षित किया है। योजना से सीधे खातों में राशि महिलाओं को प्राप्त हो रही है। जिससे वे अपने घर, मोहल्ले या गांव की दुकानों में जाकर किराना समान, मनिहारी समान, सब्जियां, फल, मिठाईयां आदि खरीदती हैं। जिससे आस पास के दुकानदारों, व्यवसायियों को भी व्यवसाय प्राप्त होता है। जिससे सभी का विकास हो रहा है। आलम यह है कि योजना की राशि के अंतरण का इंतजार महिलाओं के साथ साथ व्यवसायी भी करते हैं।



- छोटी छोटी बचतों से लेकर ग्रामीण जीवन की धुरी बन रही योजना

---

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रायगढ़।** जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की जांच के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ विकासखंड का दौरा किया। कोयलंगा, जामगांव, लोइंग, महापल्ली और कोतरलिया गांवों में उन्होंने निर्माणाधीन भवनों एवं बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों पीडब्ल्यूडी, जल संसाधन, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण किए जाएं।

कोयलंगा में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते हुए उन्होंने अप्रोच रोड का काम जल्द पूरा कर पुल को आवागमन के लिए खोलने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा कोयलंगा डायवर्शन स्कीम के तहत नहर लाइनिंग और पुलिया सुधार कार्य की जानकारी ली। बताया गया कि 70 वर्ष पुरानी पुलिया में नई पाइप डाली जा रही है ताकि पानी की निकासी बेहतर हो। जामगांव में आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत कार्य के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार से कहा कि यह बच्चों के लिए है, अतः गुणवत्ता में कोई समझौता न हो। जुनाडीह में सामुदायिक भवन, महापल्ली में महतारी सदन (जहां लिंटर कार्य तक निर्माण हुआ है), लोइंग में आईटीआई भवन एवं पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

#### खास बात

- कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता और समय-सीमा में पूर्णता के दिए निर्देश



#### रेडी टू ईट यूनिट का निरीक्षण

कोतरलिया में रेडी टू ईट उत्पादन यूनिट का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने महिला समूहों से चर्चा की और उन्हें इस महत्त्वपूर्ण कार्य में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेकर उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाएं ताकि आने वाले समय में इसे व्यवसाय का रूप दिया जा सके।

---

# खरसिया में पांच चोरियों का खुलासा नाबालिग समेत छह चोर पकड़े गए

**रायगढ़।** खरसिया शहर में बीते दो महीनों से हो रही सिलसिलेवार चोरियों की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। वार्ड क्रमांक 17 ठाकुरदिया और आसपास के इलाकों में चोरी की पांच वारदातों का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक नाबालिग समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 49,800 का चोरी गया सामान भी जब्त किया गया है, जिसमें गैस सिलेंडर, जेवर और नगदी शामिल हैं।

31 जुलाई को ठाकुरदिया निवासी चंद्रप्रकाश गबेल ने शिकायत दर्ज कराई कि वे दशगात्र कार्यक्रम में सक्ती गए थे, उसी दौरान उनके घर से सोने चांदी के गहने और नगदी 39,400 की चोरी हो गई। इस रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और एसडीओपी प्रभात पटेल के निर्देशन में चौकी प्रभारी अमित तिवारी ने टीम के साथ कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर ठाकुरदिया के अमन दास महंत, शिवा चौहान और योगेश सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां उन्होंने गबेल के घर समेत चार अन्य चोरियों में संलिप्तता कबूल की। 12 जून मुकेश वर्मा के घर से 2 सिलेंडर व 3,000 नगद अमन, शिवा, प्रदीप, 4 जुलाई रामपूजन कपारिया के घर से सिलेंडर व 3,500 नगद अमन, प्रदीप, योगेश, राहुल,8 जुलाई लक्ष्मीबाई वैष्णव के घर से सिलेंडर व 4,000 नगद अमन, प्रदीप, योगेश, शिवा, 18 जुलाई त्रिलोकी नाथ दुकान से 7,000 नगद और माल शिवा, योगेश, नाबालिग, 31 जुलाई चंद्रप्रकाश गबेल के घर से जेवर और 39,400 की चोरी शिवा, योगेश, अमन।



- सिलसिलेवार चोरियों का पर्दाफाश, 50 हजार से ज्यादा का माल बरामद

---

एनएच में प्रस्तावित फोरलेन सड़क किनारे दशकों से बसे हैं कई परिवार

# सीमा से बाहर बायपास के रूप में सड़क बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

सारंगढ़ बिलाईगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 130बी के अंतर्गत कुम्हारी से सारंगढ़ तक प्रस्तावित फोर लेन सड़क परियोजना को लेकर सरसीवा नगर पंचायत में जनविरोध तीव्र होता जा रहा है। प्रस्तावित मार्ग यदि नगर के मध्य से गुजारा गया। तो सैकड़ों परिवारों को विस्थापन और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।

रायपुर बलौदाबाजर सारंगढ के लिए बनने वाला नेशनल हाइवे 130 बी फोरलेन सड़क होगा इसमें आने वाला जमीन को अधिग्रहण करने का प्रक्रिया शुरू होने वाला है भुअर्जन तथा अन्य कार्य मुआवजा घोटाला करने का मौका किसी को ना मिले इस कारण से अभी से सारंगढ अनुविभाग में 30 था बिलाईगढ़ अनुविभाग में 28 गावो में जमीन की, खरीदी बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है डीपीआर बनने के बाद सम्बन्धित खसरा नम्बर को छोड़कर शेष भूमि पर खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध को हटा दिया जाएगा किन्तु प्रतिबन्ध लगते ही अफवाह फैल गया कि फोरलेन सड़क सरसींवा से होकर गुजरेगा अब देखना है कि सरसींवा और भटगांव नगरीय क्षेत्र को लेकर फोरलेन सड़क का डीपीआर बनाने वाली कम्पनी क्या राय देती है। इसी आशंका के चलते स्थानीय नागरिकों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और वैकल्पिक बायपास मार्ग की मांग की। नागरिकों का कहना है कि प्रस्तावित सड़क मार्ग नगर के अत्यंत व्यस्त और घनी आबादी वाले हिस्से से होकर गुजरता है। जहां दोनों ओर लगभग 150 आवासीय मकान और 150 से अधिक व्यवसायिक प्रतिष्ठान दशकों से स्थापित हैं। यदि सड़क इसी मार्ग से निर्मित होती है। तो न केवल लोगों को अपने घरों और दुकानों से निष्कासित होना पड़ेगा। बल्कि, उनका संपूर्ण आजीविका तंत्र भी तहस नहस हो जाएगा।

व्यापारियों, रहवासियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने एक स्वर में प्रशासन से अपील की है। कि सड़क का निर्माण नगर की सीमाओं के बाहर से बायपास के रूप में किया जाए। ताकि विकास के साथ साथ जनजीवन भी सुरक्षित रह सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं। परंतु जनविरोध की उपेक्षा करके लागू की गई कोई भी योजना दीर्घकालिक सामाजिक असंतोष को जन्म दे सकता है। स्थानीय लोगों ने यह आरोप भी लगाया कि परियोजना से पहले न तो कोई जनसुनवाई की गई न ही किसी प्रकार का सामाजिक या पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन किया गया है। इससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि योजना को जल्दबाज़ी और एकतरफा तरीके से लागू किया जा रहा है।जो लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के विपरीत है। नगरवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया। तो वे चरणबद्ध आंदोलनए नगर बंदए धरना और प्रदर्शन जैसे लोकतांत्रिक उपायों को अपनाने के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



